SYNERGY

आपकी जानकारी के लिए

BSES
BSES Yamuna Power Limited
दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

जनवरी–फरवरी 2013

बीवाईपीएल टीम की ओर से नव वर्ष, ईद–ए–मिलाद और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

बीवाईपीएल इंडिया पावर अवॉर्ड से सम्मानित

बीवाईपीएल के सीईओ श्री रमेश नारायणन, परमाणु ऊर्जा आयोग के सदस्य प्रोफेसर श्री एमआर श्रीनिवासन के हाथों इंडिया पावर अवॉर्ड का टर्नअराउंड दिल्ली डिस्कॉम पुरस्कार ग्रहण करते हुए।

इससे पहले, 2011 में बीवाईपीएल को, ऊर्जा दक्षता और संरक्षण की श्रेणी में, 2010 में ओवरऑल युटिलिटी परफॉर्मेंस – अरबन एरिया की श्रेणी में और 2009 में घाटे में कमी लाने के लिए इंडिया पावर अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

निर्बाध बिजली के लिए बकाये का भुगतान करें

बीवाईपीएल के जिन 14,500 उपभोक्ताओं ने बिजली चोरी के जुर्माने का भुगतान नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने बकाये का भुगतान तुरंत कर दें, ताकि उन्हें चौबीसों घंटे और सातों दिन निर्बाध बिजली मिलती रहे। बकायेदारों में कटिया लगाकर बिजली की सीधी चोरी करने वाले, और मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करने वाले – दोनों तरह के उपभोक्ता शामिल हैं।

बिजली चोरी के जुर्माने या कोर्ट द्वारा सेट्ल्ड रकम का भुगतान बीवाईपीएल के पूर्वी दिल्ली स्थित आईपी एक्सटेंशन/पटपड़गंज एन्फोर्समेंट ऑफिस या मध्य दिल्ली स्थित गांधी मार्केट एन्फोर्समेंट ऑफिस में किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के सहयोग से, बीवाईपीएल द्वारा 8 और 9 दिसंबर को कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में आयोजित मेगा लोक अदालत का आयोजन किया गया था, जिसमें 1524 मामलों का तत्काल निपटारा किया गया।

हमारे बिल भुगतान केंद्र
सुबह 8 से रात 8 बजे तक खुले हैं

हम हमेशा आपके लिए उपलब्ध हैं,
कॉल करें 399 99 808

140 स्कूलों में बीवाईपीएल का जागरूकता अभियान

स्कूली बच्चों के बीच पर्यावरण, ऊर्जा संरक्षण, और बिजली के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीवाईपीएल टीम ने पूर्वी और मध्य दिल्ली के 140 स्कूलों का दौरा किया और वहां बच्चों को उपरोक्त विषयों पर संदेश दिया। बच्चों को इन विषयों पर दो शॉर्ट फिल्में भी दिखाई गईं। फिल्म *जहीरा का सपना* जहां सेफ्टी पर केंद्रित थी, वहीं फिल्म *खुराना घराना* ऊर्जा संरक्षण पर आधारित थी। स्कूल के प्रिंसिपलों और शिक्षकों ने इस जागरूकता अभियान को काफी सराहा।

दिल्ली में बिजली की स्थिति 1000 गुना बेहतर....

The Indian EXPRESS NOVEMBER 24, 2012

Delhi power situation much better than it was, says SC

SC SATISFIED WITH DELHI POWER SCENE

NEW DELHI: The Supreme Court on Friday expressed satisfaction over the power situation in Delhi and disposed of a plea it has been hearing for the past 13 years for improving electricity supply in the city.

बिज़नेस भास्कर

दिल्ली में बिजली से सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट

'Delhi power situation thousand times better'

NEW DELHI, IANS: The apex court on Friday brought the curtain down on nearly 14 year-long hearing on a PIL

Apex court expresses satisfaction on power situation in Delhi

statesman news service

दिल्ली में बिजली की स्थिति 1000 गुणा बेहतर

नई दिल्ली।

HINDUSTAN TIMES, NEW DELHI SATURDAY, NOVEMBER 24, 2012

SC praises Delhi govt for improving power supply

अपना मोबाइल व ईमेल रजिस्टर करें, इनाम पाएं

बीवाईपीएल के केवाईसी यानी नो योर कस्टमर (अपने उपभोक्ता को जानें) मुहिम में हिस्सा लें और सरप्राइज गिफ्ट्स पाएं। अपना सीए नंबर, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर हमें ईमेल करें–bypl.customercare@relianceada.com।

आप अपना डिटेल हमें एसएमएस भी कर सकते हैं। पूर्वी दिल्ली के उपभोक्ता हमें 8010935803 पर एसएमएस कर सकते हैं और मध्य दिल्ली के उपभोक्ता 8010935804 पर एमएमएस भेज सकते हैं।

आपको बेहतर सेवाएं देने में हमारी मदद करें!

अपने सुझाव व विचार हमें इस पते पर भेजें– कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या कॉल करें +91 11 300–99–999